### एक नजर में

#### सर्राफा व्यवसाई बैनी प्रसाद सिंगी का निधन

**सुठालिया 14 अक्टूबर, सं.** प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसाई बैनी प्रसाद सिंगी का 85 वर्ष की आयु में मंगलवार सांयकाल को निधन हो गया .आज बुधवार दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार होगा . श्री सिंगी नरसिंहगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व . नंदलाल सिंगी के ज्येष्ठ पुत्र व रामप्रसाद स्व . प्रेमनारायण ब्यावरा गिरीश कुमार सुरेश कुमार सिंगी सुठालिया के ज्येष्ठ भ्राता थे . उनके निधन से उनके मिलने जुलने वालों नाते रिश्तेदारों में शोक छा गया .

#### राजगढ़ का युवा कारवां- बदलाव की नई कहानी लिखा हुआ

**राजगढ़ 14 अक्टूबर, का.** संविधान की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और समाज को कुरीतियों से मुक्त करने की दिशा में राजगढ़ जिले के युवाओं ने एक मिसाल कायम की है . अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के पीस वॉलेंटियर कार्यक्रम के तहत 20 गांवों के 20 पीस वॉलेंटियर युवाओं ने अपने-अपने गांवों में 10 महीने तक सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर रचनात्मक और सकारात्मक पहल की . इस दस माह की संवैधानिक यात्रा का समापन रविवार को भव्य रूप से किया गया, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर परिवर्तन के इस कारवां को नई ऊर्जा दी . कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए और संत कबीर के भजनों से हुई, जिसने माहौल को आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बना दिया . इस दौरान युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने गांवों में संवाद, नाटक, रैली, और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच और संवैधानिक मूल्यों के बीज बोए . पीस वॉलेंटियरों ने बाल विवाह, बाल सगाई, झगड़ा कुप्रथा, बाल श्रम, बाल संरक्षण, पर्यावरण और जल संरक्षण, जैविक खेती, नशा मुक्ति, डिजिटल साक्षरता, माहवारी स्वच्छता, और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर सामुदायिक स्तर पर प्रभावी कार्य किए . युवाओं की इन पहलों से कई गांवों में बाल विवाह रुके, बच्चों को स्कूलों में वापस जोड़ा गया, और समुदाय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए गए .इस अवसर पर संविधान विशेषज्ञ देवेंद्र उपाध्याय झिरी, राजस्थान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा है। जब हम अपने आचरण में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्य अपनाते हैं, तभी समाज में सच्चा परिवर्तन संभव होता है. उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे गांवों में संविधान के मूल्यों को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन का हिस्सा बनाएं . कार्यक्रम में युवाओं की बदलाव की कहानियां प्रस्तुत की गईं, जिसमें दिखाया गया कि कैसे एक छोटे प्रयास ने पूरे समुदाय की सोच को बदला . किसी गांव में किशोरियों ने माहवारी पर खुलकर संवाद किया, तो कहीं युवाओं ने नशा छुड़वाया, तो किसी ने जैविक खेती अपनाई . अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के साथ इस आयोजन में शेडो टीम हरदा, काव्या बैंड, बुनियाद संस्था उज्जैन की टीमों सहित 200 से अधिक युवा शामिल हुए . समापन सत्र में युवाओं ने शपथ ली कि वे आगे भी अपने गांवों में संविधान आधारित सोच और शांति के संदेश को फैलाते रहेंगे . कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए .

# जिले में मांग के अनुरूप नहीं मिल पा रही खाद

## जिले में खाद की किल्लत, त्यौहार के समय बोवनी सिर पर और किसान केन्द्रों के बाहर

**विभाग का कहना जिले में पर्याप्त मात्रा में है खाद**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/पड़ाना/सुठालिया 14 अक्टूबर.** रबी सीजन में बोवनी का कार्य शुरु हो चला है किंतु यूरिया खाद की किल्लत का सामना किसानों को करना पड़ रहा है. डिमांड के अनुसार यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है.

गौरतलब है कि रबि सीजन में अभी सरसों की बोवनी का कार्य प्रारंभ हो गया है. गेहूं की बोवनी की भी तैयारी है. ऐसे में यूरिया खाद की सख्त आवश्यकता होगी. किंतु अधिकांशत: सोसायटियों में यूरिया खाद नहीं है. खाद के लिए किसान सोसायटियों के चक्कर लगा रहे है. जिला कृषि विभाग का कहना है कि जिले में इस बार 30 हजार मेट्रिक टन यूरिया खाद की डिमांड भेजी है. इसके एवज में अभी तक 14 हजार मेट्रिक टन यूरिया खाद रेक के माध्यम से आ चुका है. विभाग का कहना है कि जल्द ही 6 हजार मेट्रिक टन खाद की रेक और लगने वाली है. वहीं दीपावली के बाद 10 हजार मेट्रिक यूरिया खाद जिले को मिलेगा. लेकिन अभी बोवनी के समय यूरिया खाद की आवश्यकता है, परन्तु अधिकतर सोसायटियों में यूरिया खाद नहीं है.




### सोसायटियों में नहीं खाद

सुठालिया क्षेत्र के तहत लगने वाली 12 सोसायटियों में वर्तमान में यूरिया खाद नहीं है . जबकि इन सभी सोसायाटियों में 1200 मेट्रिक टन से अधिक यूरिया खाद की डिमांड है . सभी सोसायटियों में परमिट कटे हुए है और खाद आने का बेसब्री से इंतजार है . बिसौनिया सोसायटी के तहत 250 परमिट कटे हुए है . यहां पर लम्बे समय से यूरिया खाद नहीं आया है . किसानों को खाद आने का बेसब्री से इंतजार है .

### डिमांड 3 हजार की, पहुंचा 360 बोरी खाद



पड़ाना संवाददाता के अनुसार प्राथमिक कृषि साख संस्था मर्यादित पड़ाना में सोमवार यूरिया खाद वितरण के दौरान किसानो की भीड़ जमा हो गई. शाखा संस्था सेल्समैन जोरावर खाती ने बताया कि पड़ाना कृषि सेवा शाखा के अंतर्गत 700 किसान है जिसके लिए संस्था से 3000 बोरी की डिमांड रखी गई थी लेकिन 30 तारीख को 960 युरिया खाद पहुंची जिसका वितरण 14 दिनों बाद सोमवार को किसानों को किया गया. प्रत्येक किसान को एक निर्धारित मात्रा में खाद का वितरण किया जा रहा है. खाद की अधिक डिमांड को देखते हुए उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया है.

## मोहनपुरा की नहर से किसान को नहीं मिला पानी

**राजगढ़ 14 अक्टूबर, का.** जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्वव) अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पंचायत रामपुरिया निवासी कमलसिंह ने बताया कि आवेदक को मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के तहत नहर से पानी खेत तक नहीं मिल रहा है. जिससे आवेदक को खेती करने में काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टनर द्वारा जल निगम को आवश्यरक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम बूचाखेडी निवासी शिलाबाई ने बताया कि आवेदिका की भूमि पर अनावेदकों द्वारा खेत से रास्ता निकाला गया है. अपर कलेक्टकर द्वारा थाना प्रभारी तलेन को आवश्येक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 95 आवेदन प्राप्त हुए.



## जलजीवन मिशन में अधूरे काम पर 2 फर्म होंगी ब्लैक लिस्टेड

### कलेक्टर ने जमा राशि राजसात करने के निर्देश दिए

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 14 अक्टूबर.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आरएल सेकवार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड नरसिंहगढ़ के ग्राम कंडारा कोठरी, हिनोत्या एवं गागर में इन्द्रजीत सिंह घुरैया ग्वालियर पाईप लाईन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी के पाईप लाईन टेस्टिंग, नल कनेक्शन का कार्य समय पर पूर्ण न करने पर अनुबंधित ग्रामों की जमा एफडी 5 लाख 72 हजार 330 रूपये राजसात की कार्यवाही की गई एवं फर्म को ब्लेंक लिस्टेड करने हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय भेजा गया है. इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड नरसिंहगढ़ के ग्राम पाडल्याबना एवं ग्राम नुन्याहेडी, ताजपुरा में विकासखण्ड ब्यावरा के ग्राम सलेपुर में मैसर्स गुलरेज अकरम सिद्धकी भोपाल (म.प्र.) नवीन पाईप लाईन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी के पाईप लाईन टेस्टिंग, नल कनेक्शन पूर्ण न करने पर अनुबंधित ग्रामो की जमा एफडी 12 लाख 48 हजार 763 रूपये की राशि राजसात की कार्यवाही कर फर्म को ब्लेक लिस्टीड करने हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय भेजा गया है.

## दुकानों पर लगाना होगा खाद के रेट चार्ट

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 14 अक्टूबर.** प्राय: इस तरह की शिकायतें आती रही है कि प्रायवेट दुकानों पर खाद खरीदने पर शासन द्वारा निर्धारित रेट से कहीं अधिक दाम वसूले जाते है. इस समस्या से निपटने एवं भाव में पारदर्शिता लाने कृषि विभाग द्वारा खाद के रेट वाले बेनर प्रायवेट दुकानदारों को वितरित किए जा रहे है. इन बेनर को दुकानों के बाहर लगाना होगा ताकि ग्राहक को यह ज्ञात हो सके की शासन द्वारा निर्धारित खाद के रेट क्या है. अनेक बाद इस तरह की शिकायतें आती रही है कि प्रायवेट दुकान पर निर्धारित से कहीं अधिक दाम पर खाद, उर्वरक दिया गया. कृषि विभाग के अनुसार दुकानों पर पहुंचकर रेट के बेनर दिए जा रहे है और कहा जा रहा है कि आवश्यक रुप से दुकानदार रेट बेनर को लगाए बावजूद इसके जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगाई जाएगी उन पर नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी.

## देश को स्वावलंबी बनाएगा लोकल फॉर वोकल

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 14 अक्टूबर.** स्थानीय डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प विधानसभा सम्मेलन में विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ देश के हर व्यक्ति को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प पुरा हो रहा है. वर्तमान में कुटीर उद्योग जिससे स्व-सहायता समूह की बहनें , मजदूर , किसान हर व्यक्ति को रोजगार मिला है छोटे से छोटे काम या बड़े से बड़े काम स्व सहायता समूह की बहनें करके स्वावलम्बी बन रही है. सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 है. जिसमें भारत विकसित बनकर रहेगा. स्वदेशी से इस विकसित भारत को साकार करने वाले हैं स्व का बोध जाग्रत करना है. उसमें स्वावलंबी बनाना है. उन्होंने याद दिलाया कि आजादी के पहले सबसे बड़ा आंदोलन हुआ था तो वह गांधी के नेतृत्व में हुआ था. उसके बाद स्वदेशी का आंदोलन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। जिसमें हर व्यक्ति स्वावलंबी बन रहा है. उन्होंने सौर ऊर्जा, राममंदिर, करोना वैक्सीन, बढ़ते निर्यात, कश्मीर से धारा 370 को समाप्त आदि उपलब्धियों पर बात की. कार्यक्रम में पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व मण्डी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह, मण्डल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, बालचंद दांगी सेदरा , हेमन्त जोशी, विष्णु पवांर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर , ईश्वर सिंह तोमर , ब्लाक किसान मण्डल अध्यक्ष शिव मण्डलोई , लखन तोमर, राम दांगी, मिडिया प्रभारी परीक्षित वैध सहित विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.



## कवि सम्मेलन में रचनाकारों ने बिखेरे राष्ट्रभक्ति के रंग

**नवभारत न्यूज**

**कुरावर 14 अक्टूबर.** श्री गणेश साहित्य मंडल के तत्वाधान में होटल मिडवे ट्रीट में भव्य काव्य समागम का आयोजन किया गया. जिसमें भोपाल राजगढ़ ब्यावरा सीहोर, कुरावर, तलेन से आए कविगणों ने राष्ट्रभक्ति से सरोबार वीर, श्रृंगार रस और हास्य रस की कविताएं पढ़ी. भोपाल की कवित्री पूजा दुबे, मोहिनी एवं ब्यावरा की कवित्री रेखा नायक रानो ने गज़ल पढ़कर सबका मन मोह लिया. संस्था के अध्यक्ष डॉ महेश जैन एवं संरक्षक लखमीचंद चौधरी, रेखा पचवारिया, राधेश्याम पचवारिया लक्ष्मण सिंह राणा अनिल महेश्वरी थे. कवि हरि सिंह पतंग, हरि सिंह केशवाल, राजेश शर्मा सत्यम, खलील कुरेशी ब्यावरा, शाहिद सैफी अश्क नरसिंहगढ़, डॉ विजेंद्र जायसवाल सीहोर, लक्ष्मण सिंह चौकसे सीहोर, सुरेश जयसवाल सीहोर, डॉक्टर शैलजा श्रीवास्तव भोपाल, रजनी निखिल भोपाल, पूजा दुबे, मोहिनी कमलेश शर्मा सीहोर, बाबूलाल शर्मा गणेश कुरावर, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी सीहोर, प्रेमदास वैष्णव कुरावर आदि ने रचना प्रस्तुति दी.

**18 को ब्यावरा आएंगे मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव**

## दीपावली से पहले मिल जाएगा फसल का मुआवजा



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 14 अक्टूबर.** फसल में हुए नुकसान का मुआवजा वितरण करने प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 18 अक्टूबर को ब्यावरा आएंगे. श्री यादव यहां एक समारोह में किसानों को मुआवजा वितरण करेंगे. जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय हुआ है.

इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी शुरु हो गई है. हालांकि मंगलवार की देर शाम तक मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम को लेकर अधिकरिक तौर पर कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है. जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी द्वारा स्थानीय सिविल अस्पताल परिसर स्थित हेलीपेड एवं कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित स्थल पंचमुखी मंदिर के समीप नवीन दशहरा मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 18 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा वितरण करने के साथ ही सभा को संबोधित करेंगे. उधर सिविल अस्पताल स्थित हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल को व्यवस्थित करने का कार्य शुरु कर दिया गया है.

### फसल बिगड़ने से सीजन में रौनक गायब

**पड़ाना 14 अक्टूबर, सं.** त्यौहारी सीजन में भी घरेलू मवेशियों और रबी फसलों के उत्पादन में कमी के कारण बाजार पर मंदी का असर दिख रहा है. इससे जुड़े व्यवसाय जैसे हार-फुंदा मिट्टी के बनाने वाले कारीगरों पर भी इसका प्रभाव पड़ा है. साथ ही रंग रोगन के समान पटाखे इलेक्ट्रॉनिक एलईडी स्ट्रिप लाइट इत्यादि में भी मंदी का दौर दिखा. घरेलू मवेशियों और रबी फसलों के उत्पादन में कमी के कारण बाजार में मंदी का दौर दिख रहा है. त्यौहारी सीजन में भी बाजार में रौनक नहीं है.






## क्लासीफाईड

### आम सूचना

**(खसरा क्र. 12/2/1/1 रकबा 0 .406 हेक्टर एवं खसरा क्र. 12/2/1/2/1 रकबा 0 .100 हेक्टर कुल रकबा 0 .506 हेक्टर प.ह.नं.-1 ग्राम पीपलबे तह. ब्यावरा जिला राजगढ़ के संबंध में )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार देवेन्द्रकुमार पिता हेमन्तकुमार शाक्यवार एवं सन्दीप पिता गोरधनलाल शाक्यवार निवासी वार्ड न. 4 ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. ने श्रीमती स्वाती चौहान पति श्री झरण चौहान निवासी जिला शाजापुर से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की असिंचित कृषि भूमि खसरा क्र. 12/2/1/1 रकबा-0.406 हेक्टर एवं खसरा क्र. 12/2/1/2/1 रकबा-0.100 हेक्टर कुल रकबा 506 हेक्टर प.ह.नं.-1 ग्राम पीपलबे तह. ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. में स्थित है, उक्त भूमि के उत्तर-दक्षिण एवं पूरब तीनों दिशाओं में पड़ोसी भू-स्वामियों की तारफेसिंग की सीमा बनी हुई है अर्थात उक्त भूमि पर दाये, बाये एवं पीछे तीनों दिशाओं में पूर्णत: बाउण्ड्री सीमांकन बनीं हुई है। उक्त भूमि पर भू-स्वामी ने भी खम्बे लगाकर सीमा बना रखी है. उक्त भूमि पश्चिम दिशा में रोड मध्य से 52 फीट छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 52 राजगढ़-ब्यावरा रोड़ से लगी हुई है। उक्त सर्वे नंबर की भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकारों ने श्री हिन्दूसिंह पिता श्रीबंशीलाल सौंधिया निवासी ग्राम शिवपुरा एवं श्रीबलवीरसिंह पिता श्रीप्रतापसिंह राजपूत निवासी पीपलबे के माध्यम से तय करके आंशिक अग्रिम राशि का भुगतान श्रीहिन्दूसिंह सौंधिया को करके इकरारनामा लिखवा लिया है। यदि उक्त भूमि अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी अन्य व्यक्ति का स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, विक्रय अनुबंधपत्र, विक्रयपत्र, दानपत्र, बंधकनामा, अन्तरण, किसी भी प्रकार का लेना-देना या कानूनी आपत्ति हो तो वह मुझे इस सूचना प्रकाशन के सात दिन की अवधि के भीतर लिखित दस्तावेजों सहित मयप्रमाण आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। यदि मुझे उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरे पक्षकार उक्त असिंचित कृषि भूमि को क्रय करके निर्धारित समयावधि में विक्रयपत्र का विधिवत पंजीयन/रजिस्ट्री करवा लेंगे। उक्त समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति विचारणीय नहीं होकर प्रभाव शून्य मानी जावेगी।

**गोपालदास शाक्यवार (एडव्होकेट)**
**राजगढ़ रोड़ बैकुन्ठ मार्ग ब्यावरा,**
**जिला राजगढ़ म.प्र. मोबाइल-**
**94254-76307**

### In the Court of Sushri Shreya Sharma, Senior Division, Biaora, District Rajgarh M.P. Presiding Officer: Sushri Shreya Sharma

**(आदेश नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RC5B/0000002/2024)

**कैनरा बैंक शाखा कार्यालय ब्यावरा............वादी**

**VS**

**निशा..............प्रतिवादी**

Process ID-/2025

**पेशी दिनांक :- 11/11/2025**

**प्रेषिती-**

**(1)निशा पिता जोसेफ पता- वार्ड क्रमांक 3अर्शी नर्सिंग होम राजगढ़ रोड़ ब्यावरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़**

यह कि प्रार्थी केनरा बैंक शाखा कार्यालय ब्यावरा ने आपके विरूद्ध वाद रूपये 16,59,612.62 की वसूली में पेपर प्रकाश हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मजूराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 14 अक्टूबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

**न्यायाधीश**
**श्रेया शर्मा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम**
**ब्यावरा जि. राजगढ़ (ब्यावरा)**